भ्रष्टाचार बिजली विभाग की जांच में खुले राज; 3 वर्षों में दर्ज हुए कुल 6 गंभीर मामले, जनता की गाढ़ी कमाई और शासकीय विकास फंड का किया घोर दुरुपयोग

ग्राम पुरैना खालसा के जिम्मेदार निकले आदतन बिजली चोर, विकास की 7.59 लाख से अधिक की राशि जुर्माने में फूंकी!



नवभारत न्यूज

जुन्नारदेव, 16 जुलाई, ग्रामीण विकास और जनता की मूलभूत सुविधाओं के लिए शासन द्वारा भेजी जाने वाली शासकीय राशि का किस कदर दुरुपयोग किया जा सकता है, इसका एक बेहद चौंकाने वाला और शर्मनाक मामला ग्राम पंचायत पुरैना खालसा से सामने आया है। यहाँ पंचायत स्तर पर विकास कार्यों की कमान संभालने वाले जिम्मेदार पदाधिकारी और तंत्र ही आदतन बिजली चोर साबित हो रहे हैं।

बिजली विभाग द्वारा समय-समय पर की गई बड़ी कार्यवाहियों और औचक निरीक्षणों से यह सनसनीखेज खुलासा हुआ है कि इस ग्राम पंचायत में पिछले तीन वर्षों में कुल 6 बार बिजली चोरी के गंभीर मामले (प्रकरण) पकड़े गए हैं। इसके बाद भी जिम्मेदारों ने कोई सबक नहीं लिया और वर्ष 2025 व 2026 में भी लगातार बिजली चोरी के मामले दर्ज होते रहे। और जनपद के जिम्मेदार अधिकारी वातानुकूलित कमरों में ठंडी ठंडी हवा खाते रहे।हैरत की बात यह है कि इन बिजली चोरी के मामलों के कारण बिजली विभाग द्वारा ग्राम पंचायत पर भारी-भरकम आर्थिक जुर्माना और बिल लगाया गया। शासन द्वारा ग्राम पंचायत पुरैना खालसा के विकास, बुनियादी ढांचे की बेहतरी, सड़क, पानी और स्वच्छता के लिए जो राशि भेजी गई थी, उसमें से कुल 7,59,700.00 (सात लाख उनसठ हजार सात सौ रुपये) की भारी-भरकम राशि केवल बिजली चोरी के जुर्माने और बिल के भुगतान में व्यर्थ कर दी गई। जिम्मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों की इस घोर लापरवाही के चलते क्षेत्र का विकास पूरी तरह से अवरुद्ध हो गया है।

3 वर्षों में कब-कब पकड़ी गई चोरी

- बिजली विभाग के सरकारी दस्तावेजों के मुताबिक ग्राम पंचायत पुरैना खालसा में जून 2023 से लेकर फरवरी 2026 के बीच कुल 6 बार पंचनामा बनाया गया
- **27 जून 2023 :** पंचनामा नंबर FS06202306271330 के तहत 6,270.00 का मामला दर्ज हुआ।
- **06 जून 2024 (पहला मामला) :** पंचनामा नंबर CWA 20240606184 के तहत 2,17,159.00 की बड़ी चोरी पकड़ी गई।
- **06 जून 2024 (दूसरा मामला) :** इसी दिन एक और कार्रवाई में पंचनामा नंबर CWA 20240606116506 के तहत 4,13,854.00 का सबसे बड़ा जुर्माना लगाया गया।
- **16 अक्टूबर 2025 (पहला मामला) :** पंचनामा नंबर CWA 20251016133 के तहत 33,458.00 का प्रकरण बना।
- **16 अक्टूबर 2025 (दूसरा मामला) :** इसी दिन पंचनामा नंबर CWA 20251016134 के तहत 61,506.00 की चोरी फिर पकड़ी गई।
- **24 फरवरी 2026 :** पंचनामा नंबर FS062026022414 के तहत 27,453.00 का नया मामला दर्ज किया गया।

कुल योग राशि 7,59,700.00 (सात लाख उनसठ हजार सात सौ रुपये)।

जनता पूछ रही सवाल: विकास कार्यों की बलि क्यों?

ग्रामीणों में इस बात को लेकर भारी आक्रोश है कि इस 7.5 लाख से अधिक की राशि से गांव में कई मुख्य सड़कों की मरम्मत हो सकती थी, शुद्ध पेयजल के लिए नए नलकूप या वाटर फिल्टर प्लांट लग सकते थे, अथवा सरकारी स्कूलों और आंगनबाड़ियों की स्थिति सुधारी जा सकती थी। लेकिन यह पूरी राशि जिम्मेदारों की चोरी की आदत की भेंट चढ़ गई। शासकीय राशि का इस प्रकार का दुरुपयोग सीधे तौर पर वित्तीय अनियमितता और भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है। अब देखना यह है कि इस गंभीर खुलासे के बाद जिला प्रशासन और पंचायती राज के उच्च अधिकारी ग्राम पंचायत पुरैना खालसा के इन जिम्मेदार आदतन चोरों पर क्या और कब तक वसूली ओर सख्त कानूनी व दंडात्मक कार्रवाई करते हैं।

एक ही दिन में दो-दो चोरियां, आदतन लापरवाही उजागर

विधुत विभाग से प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण करने पर साफ पता चलता है कि पंचायत प्रशासन में बिजली चोरी की यह प्रवृत्ति आदतन बन चुकी थी। जून 2024 में तो हद ही हो गई जब एक ही दिन (06 जून 2024) को दो अलग-अलग पंचनामे दर्ज किए गए। अकेले इसी दिन पंचायत को 6.3 लाख रुपये से अधिक का चूना सिर्फ चोरी पकड़े जाने के कारण लगा। इसके बाद भी जिम्मेदारों ने कोई सबक नहीं लिया और वर्ष 2025 व 2026 में भी लगातार बिजली चोरी के मामले दर्ज होते रहे।

इनका कहना है

इसके पूर्व भी जनपद के जन प्रतिनिधियों द्वारा जनसुनवाई में शिकायत की गई थी जिस पर कोई कार्यवाही नही की गई
जनप्रतिनिधिगण पुन : जिला कलेक्टर को शिकायत कर रहे है और ऐसे लापरवाह ग्राम पंचायतों पर कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिए

श्रीमती सविता अशोक भोसम
अध्यक्ष जनपद पंचायत कार्यालय जुन्नारदेव

जमीनी विवाद में युवक की हत्या

नौ आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 16 जुलाई, छिंदवाड़ा जिले के अंबाड़ा चैकी क्षेत्र के नकटिया गांव में जमीन विवाद के चलते एक युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घटना गुरुवार शाम करीब 7 से 8 बजे के बीच की बताई जा रही है। मृतक की पहचान हरी प्रसाद यादव (35), पिता नत्थूलाल यादव, निवासी नकटिया गांव के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार, घटना के समय हरी प्रसाद यादव अपनी पत्नी और बच्चों के साथ खेत में मौजूद थे। इसी दौरान पारिवारिक एवं जमीन विवाद को लेकर उनके मामा, चाचा और बुआ पक्ष के लोगों से कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने हरी प्रसाद पर लकड़ी और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले में उन्हें गंभीर चोटें आईं, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही अंबाड़ा चैकी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, इस मामले में हरलाल यादव, सकरलाल यादव, मंगलू यादव, रोहित, मोहित, मंगलवती, सोनी, लक्ष्मी, रीना और तुल्ला को आरोपी बनाया गया है। सभी आरोपियों को पुलिस ने हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर लिया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि लंबे समय से चल रहे जमीन विवाद के कारण यह खूनी संघर्ष हुआ। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की विस्तृत जांच कर रही है। साथ ही घटना के प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं, ताकि हत्या के कारणों और घटनाक्रम की पूरी जानकारी सामने आ सके।

मोटर साइकल के संदिग्ध चोर धराए

छिंदवाड़ा। उमरानाला चैकी में बीते दिनों हुए मोटर सायकल चोरी के मामले में पुलिस ने दो संदिग्धों को अभिरक्षा में लिया है। पुलिस पूछताछ कर रही है। जल्द ही पुलिस इस मामले का पर्दाफास करेगी। जानकारी अनुसार बीते दिनों उमराना चैकी में बाइक चोरी की षिकायतें दर्ज कराई गई थी। इस मामले में पुलिस चोरों की तलाष कर रही थी। मषक्कत के बाद पुलिस को हाथ एक संदिग्ध लगा है। जिसे अभिरक्षा में लेकर पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि संदिग्ध ने चोरी के मामले में पुलिस के सामने कुछ राज उगले है। जल्द ही पुलिस इस मामले में बड़ा खुलासा करेगी।

12वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले गुरुकुल के छात्र भुयश साहू का सम्मान

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 16 जुलाई, छात्र प्रतिभा सम्मान एवं अलंकरण समारोह-2026 में संत आशाराम गुरुकुल हायर सेकेंडरी स्कूल, छिंदवाड़ा के मेधावी छात्र भुयश साहू को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया।

भुयश साहू ने कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 97.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर छिंदवाड़ा जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। समारोह में मुख्य अतिथि हरेंद्र नारायण, आईएएस, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, छिंदवाड़ा ने छात्र को सम्मानित किया। इस अवसर पर सुधीर जैन, स्छरू छिंदवाड़ा सहित जिले के विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य एवं अन्य गणमान्य अतिथि भी उपस्थित रहे। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय की संचालिका श्रीमती दर्शना खट्टर, सुशील परिहार, श्रीमती पूजा अमरवंशी, छात्रावास अधीक्षक सोमनाथ पवार तथा विद्यालय परिवार ने छात्र को शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रदान किए।

बारिश नहीं होने से मक्के की फसलें होने लगी पीली

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 16 जुलाई, क्षेत्र में मानसून की धीमी रफ्तार और लगातार बारिश नहीं होने से किसानों की चिंता बढ़ती जा रही है। समय पर वर्षा नहीं होने के कारण खरीफ फसलों की बुवाई प्रभावित हो रही है। जिन किसानों ने शुरुआती बारिश के भरोसे सोयाबीन, मक्का और धान की बुवाई कर दी थी, उनकी फसलें अब पानी के अभाव में सूखने लगी हैं।

किसानों का कहना है कि पिछले कई दिनों से अच्छी बारिश नहीं हुई है। खेतों की नमी खत्म होने लगी है, जिससे बीजों का अंकुरण भी प्रभावित हो रहा है। जिन क्षेत्रों में बुवाई नहीं हो पाई है, वहां किसान बारिश का इंतजार कर रहे हैं। यदि जल्द ही अच्छी वर्षा नहीं हुई तो दोबारा बुवाई की नौबत आ सकती है, जिससे किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ेगा। क्षेत्र के कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि खरीफ फसलों की अच्छी पैदावार के लिए इस समय पर्याप्त वर्षा होना बेहद जरूरी है। लगातार बारिश में देरी होने से फसलों की वृद्धि प्रभावित हो सकती है और उत्पादन में भी कमी आने की आशंका है। किसानों को सलाह दी गई है कि मौसम विभाग की जानकारी पर नजर रखें और परिस्थितियों के अनुसार कृषि कार्य करें।

स्विफ्ट कार से 63 लीटर अवैध शराब जब्त

नवभारत न्यूज

अमरवाड़ा, 16 जुलाई, पुलिस ने अवैध शराब के परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए एक स्विफ्ट कार से 63 लीटर अवैध शराब जब्त की है। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जबकि उसका साथी मौके से फरार हो गया। जब्त शराब एवं वाहन की कुल अनुमानित कीमत करीब 40 हजार रुपये बताई गई है।

पुलिस अधीक्षक अजय पाण्डेय एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशीष खरे के निर्देशन में एसडीओपी अमरवाड़ा के नेतृत्व में थाना अमरवाड़ा पुलिस ने यह कार्रवाई की। पुलिस को 15-16 जुलाई की मध्यरात्रि मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम हिवरासानी की ओर से एक स्विफ्ट कार में भारी मात्रा में अवैध शराब अमरवाड़ा लाई जा रही है। सूचना के आधार पर जेल रोड स्थित हिवरासानी के पास नाकाबंदी की गई। इस दौरान संदिग्ध स्विफ्ट कार (क्रमांक एमएच31ईए9429) को रोककर तलाशी ली गई।

पुलिस को देखकर कार में सवार एक व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया, जबकि दूसरे व्यक्ति को मौके पर ही पकड़ लिया गया। पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी ने अपना नाम राजकुमार बेंदेवार (32 वर्ष), निवासी बाबूटोला, थाना अमरवाड़ा बताया। वही फरार आरोपी की पहचान अपने भाई गोलू उर्फ अखिलेश बेंदेवार के रूप में की। कार की डिग्गी की तलाशी लेने पर तीन प्लास्टिक की बोरियों में कुल 350 पाव (63 लीटर) अवैध शराब बरामद हुई, जिसमें ऑफिसर च्वाइस अंग्रेजी शराब एवं देसी लाल मसाला शराब शामिल है। शराब के परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए जाने पर पुलिस ने पूरी शराब और स्विफ्ट कार को जब्त कर लिया।

अटल नगरीय निकाय अधिकारी-कर्मचारी कल्याण संघ की हर्रई जिला इकाई का गठन

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा/हर्रई, 16 जुलाई, अटल नगरीय निकाय अधिकारी-कर्मचारी कल्याण संघ के संविधान एवं संगठन विस्तार अभियान के तहत नगर परिषद हर्रई (जिला छिंदवाड़ा) के अधिकारी-कर्मचारियों की सर्वसम्मति से हर्रई जिला निकाय इकाई की प्रबंध समिति का गठन किया गया।

जारी प्रेस नोट के अनुसार समिति में अतीश डागोरिया को अध्यक्ष बनाया गया है। उपाध्यक्ष पद पर मुकेश शर्मा एवं रामकुमार यादव को जिम्मेदारी सौंपी गई है। नरेंद्र कुमार सोनी को सचिव, संजीव सिंह को सहसचिव, राजा साहू को सहसंयुक्त सचिव, ललित चौरसिया को कोषाध्यक्ष तथा प्रेम कुमार नेमा को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में संजय यादव, मुकेश यादव, दशरथ साहू, रामचंद्र सोमकुंवर, वीर वंशकार, राकेश विश्वकर्मा, मनीराम डहेरिया एवं अंकुर पटवा को शामिल किया गया है। प्रेस नोट में बताया गया है कि इकाई प्रबंध समिति का गठन संगठन के संविधान के अनुरूप किया गया है। सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को निकाय कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान तथा संगठनात्मक गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए अधिकृत किया गया है।

परासिया और तामिया में चोरी के सीसीटीवी फुटेज आए सामने

नवभारत न्यूज

तामिया/परासिया, 16 जुलाई, मंगलवार और बुधवार की दरमियानी रात परासिया और तामिया की दुकानों में शटर तोडकर चोरी के सीसीटीवी फुटेज सामने आए है। दोनो जगहों पर चोरियां करने वाले आरोपी समान है। पहले उन्होंने परासिया में चोरी की।

इसके बाद तामिया में जाकर दो मेडिकल स्टार्स में चोरी की। गुरुवार को सुबह साढे दस बजे सामने आए दोनो जगहों के सीसीटीवी फुटेज में वही आरोपी चोरी करते दिख रहे है। प्रासिया में हिंद किराना स्टोर्स में तीन लोग चोरी करने आए थे। बाईक सवार बाहर खडा रहा। जबकि दो युवकों ने शटर तोडा और अंदर घुसे। एक बजकर 33 मिनट पर आरोपी अंदर घुसे और दराज खोलकर राशि निकालकर चले गए। इसमें एक आरोपी हुडी पहने हुए है। दूसरे का मुंह बंधा है। इस दुकान से सामान चोरी नहीं किया गया। तामिया में गणेश मेडिकल का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। इसमें तीन आरोपी बाईक से आते दिख है। बाईक सवार सडक पर खडा रहता है। दो आरोपी उतरकर शटर तोडने जाते है। कोई वाहन आता देखकर ये वापस होते है।वाहन जाने पर फिर दुकान में जाते है।दुकान के अंदर के फुटेज में एक व्यक्ति दिख रहा है।

वारदात मायके पक्ष ने लगाया प्रताड़ना और हत्या का आरोप, चार माह पहले हुई थी शादी, पुलिस कर रही मामले की जांच

नवविवाहिता ने कीटनाशक पीकर दी जान

नवभारत न्यूज

छिंदवाड़ा, 16 जुलाई, अमरवाड़ा क्षेत्र के केकड़ा गांव की रहने वाली 21 वर्षीय नवविवाहिता अंकिता पति आकाश चंद्रवंशी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। अंकिता की शादी करीब चार माह पहले सांवरी चैकी क्षेत्र के पटनिया गांव निवासी आकाश चंद्रवंशी से हुई थी।

बताया जा रहा है कि गुरुवार देर रात उसने कीटनाशक का सेवन कर लिया। गंभीर हालत में उसे छिंदवाड़ा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान तड़के करीब 3 बजे उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर तहसीलदार एवं देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए चार चिकित्सकों की टीम द्वारा मृतिका का पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। इधर मृतिका के मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि शादी के कुछ दिन बाद से ही अंकिता को पति और ससुराल पक्ष द्वारा प्रताड़ित किया जाने लगा था। उसे मानसिक और शारीरिक रूप से परेशान किया जाता था। कई बार उसके साथ मारपीट भी की गई। अंकिता ने तीन-चार बार अपने माता-पिता और अन्य परिजनों को इसकी जानकारी दी थी। उस समय परिजनों ने उसे समझाते हुए कहा था कि समय के साथ सब कुछ ठीक हो जाएगा, लेकिन प्रताड़ना लगातार बढ़ती गई। मृतिका के माता-पिता का आरोप है कि लगातार हो रही प्रताड़ना से परेशान होकर उनकी बेटी यह कदम उठाने के लिए मजबूर हुई। उनका कहना है कि अस्पताल में भर्ती कराने के बाद ही उन्हें सूचना दी गई। जब तक वे अस्पताल पहुंचे, तब तक अंकिता की मौत हो चुकी थी। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि पोस्टमार्टम के दौरान मृतका का पति अस्पताल से गायब रहा, जिससे उन्हें संदेह और गहरा हो गया। फिलहाल देहात थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट, एफएसएल रिपोर्ट और दोनों पक्षों के बयान के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिये मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा हितकारिणी, प्रिंटिंग प्रेस सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित एवं गुजराती समाज भवन, नई आबादी छिंदवाड़ा से प्रकाशित । संपादक क्रांति चतुर्वेदी। * फोन- 235677,235988 E-mail-nbchh123@gmail.com *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. MPHIN/2000/2589